राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांक:प.8(51)/RSSB/प.आ./शीघ्रलिपिक सं.सी.भ.प./2018/804 दिनांक: 18-2-2021

विज्ञप्ति

राजस्थान सचिवालय मंत्रालयिक सेवा नियम–1970, राजस्थान लोक सेवा आयोग (लिपिकवर्गीय एवं अधीनस्थ) नियम तथा विनियम, 1999 एवं राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा नियम–1999 के अन्तर्गत क्रमशः शासन सचिवालय, राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के माध्यम से राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों/कार्यालयों के लिये शीघ्रलिपिक के गैर अनुसूचित क्षेत्र के (शासन सचिवालय के 70, राजस्थान लोक सेवा आयोग के 05 एवं राज्य के अधीनस्थ विभाग/कार्यालय के 958) कुल 1033 एवं अनुसूचित क्षेत्र के (राज्य के अधीनस्थ विभाग/कार्यालय के 52) कुल 52 महायोग 1085 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्या 13/2018 दिनांकः 04.07.2018 को जारी कर अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये गये थे।

बोर्ड की संशोधित विस्तृत विज्ञप्ति क्रमांकः 3260 दिनांक 18.08.2020 के द्वारा कार्मिक (क–2) विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना में शीघ्रलिपिक के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा हेतु पुनः संशोधित श्रेणीवार वर्गीकरण अनुसार गैर अनुसूचित क्षेत्र के (शासन सचिवालय के 70, राजस्थान लोक सेवा आयोग के 05 एवं राज्य के अधीनस्थ विभाग/कार्यालय के 1080) कुल 1155 एवं अनुसूचित क्षेत्र के (राज्य के अधीनस्थ विभाग/कार्यालय के 56) कुल 56 महायोग 1211 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र मे अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये गये थे। बोर्ड द्वारा दिनांक 30.09.2020 को संशोधित सूचना जारी कर शीघ्रलिपिक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2018 की संभावित (Tentative) परीक्षा कार्यक्रम दिनांकः 21.03.2021 निर्धारित किया गया था।

अतः राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा **"शीघ्रलिपिक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2018"** का **फेज़–I** में प्रश्न पत्र प्रथम (सामान्य ज्ञान, दैनिक विज्ञान और राजस्थान का सामान्य ज्ञान) व प्रश्न पत्र द्वितीय (सामान्य हिन्दी और अंग्रेजी) का आयोजन निम्न कार्यक्रमानुसार संभागीय जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर किया जायेगा :–

परीक्षा दिनांक	प्रथम सत्र/प्रश्न–पत्र प्रथम	द्वितीय सत्र/प्रश्न–पत्र द्वितीय
21.03.2021 (रविवार)	प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक	अपरान्ह 02:30 बजे से सायं 05:30 बजे तक

अतः उपरोक्त परीक्षा के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है कि :–

1. आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि वे बोर्ड कार्यालय की उक्त सभी विज्ञप्तियों के अनुसार निर्धारित शर्ते, पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता रखते हैं।
2. उक्त परीक्षा के लिए प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाईट से डाउनलोड करने की दिनांक अलग से यथासमय सूचित कर दिया जावेगा।
3. नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(हरि प्रसाद शर्मा)

अध्यक्ष